दिनांक 17 फरवरी 2018 को अग्रवाल कॉलेज, बल्लबगढ़ के सभागार में पत्रकारिता में “रोजगार के अवसर एवं व्यक्तित्व विकास” विषय को लेकर हिंदी विभाग व हिंदी साहित्य परिषद् द्वारा अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें स्नातक और स्नातकोत्तर के विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तर चर्चा और ज्ञान संगोष्ठी में भाग लिया। मुख्य वक्ता और मुख्य अतिथि साहित्य जगत के अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि, गज़लकार श्री लक्ष्मीशंकर वाजपेयी (उपमहानिदेशक आकाशवाणी, नई दिल्ली) रहे।

कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती कमल टंडन, विभागाध्यक्षा श्रीमती किरण आनंद, डॉ० अशोक निराला, डॉ० रेनू माहेश्वरी ने पुष्प गुच्छ देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया।

मुख्य वक्ता ने अपने सम्बोधन में हिंदी की प्रयोजनीयता पर प्रकाश डालते हुए कहा वर्तमान हिंदी भाषा के क्षेत्र में रोजगार के काफी अवसर हैं। एक हिंदी सैद्धांतिक है जो हमें संस्कार संस्कृति एवं शुद्ध साहित्य का ज्ञान कराती है। एक प्रयोजनमूलक व्यावहारिक हिंदी जो हमारे दैनिक जीवन से लेकर जीवन के तमाम क्षेत्रों को सुन्दर उपयोगी बनाने के साथ हमें रोजगार के अवसर प्रदान कराती है। उन्होंने कहा वैश्वीकरण के चलते हिंदी भाषा ने अपना व्यापक रूप ले लिया है। उन्होंने बताया अध्यापन से अतिरिक्त भी हिंदी में पत्रकारिता, समाचार वाचन, अनुवादक, स्वतंत्र लेखन, फीचर लेखन, कथा लेखन, काव्य पाठ आदि ऐसे क्षेत्र में जिस में छात्र छात्राएं अपने भविष्य को संवार सकते हैं।

व्यक्तित्व विकास का सूत्र बताते हुए कहा प्रतिस्पर्धा के इस युग में हर व्यक्ति को अपने को प्रस्तुत करना या अपनी बात को भलीभांति व्यक्त करना जरूर आना चाहिए और साथ ही विश्व में घटने वाली समसामयिक हर घटना का ज्ञान होना चाहिए तभी वह आने वाले समय में प्रगति की धरा से जुड़ सकता है।

इस अवसर पर विद्यार्थियों ने हिंदी में रोजगार के अवसर व्यक्तित्व विकास काव्य रचना आदि को लेकर मुख्य वक्ता के सामने प्रश्न गोष्ठी की।

कार्यक्रम संयोजिका डॉ० रेनू माहेश्वरी ने बताया प्राचार्य डॉ० कृष्णकांत गुप्ता की सत्प्रेरणा से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास एवं ज्ञान संवर्धन हेतु वर्षभर अनेकानेक गतिविधियां होती हैं। उसी कड़ी में ज्ञान संगोष्ठी विभागाध्यक्षा श्रीमती किरण आनंद की देख रेख में हुआ है। इस अवसर पर मंच सञ्चालन डॉ० बांके बिहारी ने किया।